OMAXE
Turning dreams into reality

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

ओमेक्स ने फरीदाबाद से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 35 एसोसिएट्स को किया सम्मानित; कम्पनी के डीलरों को मिलेगा युरोप में बुडापेस्ट और प्राग के दौरे का यादगार मौका

- *सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले इन डीलरों को एक भव्य समारोह के दौरान सम्मानित किया गया*
- *7 दिवसीय दौरे की शुरूआत 13 सितम्बर को होगी*
- *उम्दा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित करने के प्रयास में किया जा रहा है इस दौरे का आयोजन*

फरीदाबाद, 10 सितम्बर, 2017:

भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कम्पनियों में से एक ओमेक्स लिमिटेड, जिसे उद्योग जगत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। कम्पनी फरीदाबाद से अपने 35 सर्वश्रेष्ठ साझेदारों और एसोसिएट्स को बुडापेस्ट (हंगरी) और प्राग (चैक गणराज्य) के 7 दिन के दौरे पर ले जा रही है। यूरोप का यह दौरा 13 सितम्बर 2017 को शुरू होगा।

दौरे से पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले इन 35 भागीदारों को आज एक भव्य समारोह के दौरान कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मानित किया। जिसके बाद चाय—नाश्ते का भी इंतज़ाम था।

हमारे साझेदार और एसोसिएट्स कम्पनी की वर्ल्ड स्ट्रीट परियोजना के विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जो एक ही स्थान पर दुनिया की लोकप्रिय शॉपिंग स्ट्रीट होगी। हाई स्ट्रीट रीटेल से लेकर ऑफिस, सर्विस अपार्टमेन्ट और रिहायशी अपार्टमेन्ट तक वर्ल्ड स्ट्रीट उपभोक्ताओं को हर तरह के विकल्प उपलब्ध कराएगी। इसमें होटल, मल्टीप्लेक्स, फूड प्लाज़ा और एंटरटेनमेंट ज़ोन जैसी सभी सुविधाएं हैं, जिनके साथ यह न केवल फरीदाबाद में बल्कि पूरे दिल्ली—एनसीआर के लिए पसंदीदा परियोजना के रूप में उभरेगी।

इस मौके पर श्री मुकेश गोयल ने कहा ,*''पिछले दो साल रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहे हैं। किंतु इन चुनौतियों के बावजूद हमारे साझेदारों और एसोसिएट्स ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसके चलते प्रतिकूल आर्थिक वातावरण में भी ओमेक्स लगातार वृद्धि कर रहा है। हम हमेशा से अच्छा प्रदर्शन करने वाले एसोसिएट्स को सम्मानित करते रहे हैं, इसीलिए हम बुडापेस्ट और प्राग के लिए इस दौरे का आयोजन करने जा रहे हैं। मुझे विश्वास है कि यह दौरा कामयाब होगा और हमारे साझेदारों को भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगा।''*

बुडापेस्ट और प्राग को दुनिया भर में विभिन्न पहलुओं के लिए जाना जाता है। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट यूरोप के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक है, इसे कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर द्वारा ''दुनिया के दूसरे सर्वश्रेष्ठ शहर (the world's second best city by Condé Nast Traveler)' का दर्जा दिया गया है। यह दुनिया भर में अपने संग्रहालयों और सांस्कृतिक संस्थानों के लिए विख्यात है। वहीं दूसरी ओर चैक गणराज्य की राजधानी प्राग

का समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास है। इसे ट्रिप अडवाइज़र द्वारा 2016 की सर्वश्रेष्ठ गंतव्यों की सूची में छठे स्थान पर रखा गया है। पर्यटन की दृष्टि से यह लंदन, पेरिस, इस्ताम्बुल और रोम के बाद पांचवें स्थान पर आता है।

ओमेक्स ने दौरे को रोमांचक और यादगार बनाने के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम कर लिए हैं। हमारे साझेदार और एसोसिएट्स निश्चित रूप से इसका जमकर लुत्फ़ उठाएंगे और यह दौरा उनके लिए जीवन का यादगार अनुभव बन जाएगा!!!

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:

अभिषेक आनंद

कोरपोरेट कम्युनिकेशन्स, ओमेक्स लिमिटेड

09711800021

abhishekanand@omaxe.com

Forward Looking Statements

Certain statements in this announcement are or may be forward looking statements. Forward looking statements involve risks and uncertainties that could significantly affect expected results and are based on certain key assumptions. Many factors could cause actual results to differ materially from those projected or implied in any forward looking statements. Due to such uncertainties and risks, readers are cautioned not to place undue reliance on such forward looking statements, which speak only as of the date hereof. Omaxe Limited expressly disclaims any obligation to update any forward looking or other statements contained herein, except as required.